<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>किसान चौपाल का आयोजन</u>

पन्तनगर। 23 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम खटोला नं.–1 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–गदरपुर एवं ग्राम हरिपुरा जबरान, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र– बाजपुर में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल का उद्घाटन परियोजना अधिकारी डा. बृजेश सिंह द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 43 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान चौपाल में पशुपालकों को संबोधित करते वैज्ञानिक।

निदेशक संचार